In a social setup like ours, where a woman is a homemaker, and, her foremost role is of a homemaker, this becomes a double burden because she has to take care of manufacturing and marketing the product apart from playing her traditional role as a wife or as a mother and taking other responsibilities at home. Actually, this becomes empowerment only when men start sharing responsibilities, within the family, within the society, which have been considered traditionally as women's responsibilities. Only then, it can be called a true empowerment, otherwise, it will continue to be a double burden on the women.

Another thing is that a lot of these Self Help Groups are controlled by community leaders. As has been mentioned it is a very positive thing that, at least, one-third of these Self Help Groups have been formed with members from different communities like SCs, STs and communities which are considered to be of upper caste. But nearly two-thirds of these Self Help Groups are groups which have been formed within the same community. In the latter case, these Self Help Groups are mostly controlled by the community leaders, it does not give any right to independent decision-making or improve the lives of its members.

I would like to ask one question as to why the majority of these Self Help Groups concentrate only on pickle making, papad making, other small things like beading things together or embroidery, and, maybe, animal husbandry; they don't go beyond that. We have to start concentrating on bringing these groups together in order to train them. There is so much more other than all this in this world which can be done; there are so many avenues which are open. We have to train them to do other things. When the NGOs are paid, we should make on the payment; based on the training more than just the groups.

Book-keeping and account keeping is not easy. As Dr. Heptulla said, it is not very easy for many people. We have to simplify it and we have to make it more practical to these groups. If there is an external audit, it will help to a great extent in keeping their books, or, accounts in a better state, and, banks have to be made friendlier.

I would like to give here an example of the State of Tamil Nadu. Mrs. Brinda Karat also said so. The State of Tamil Nadu has subsidised it to a large extent. Around ten thousand of rupees are given as a grant without interest to the Self Help Groups, which have been functioning for six months. This encourages these Self Help Groups to a great extent in the State. Apart from this, federations of Self Help Groups are formed at village panchayat level, called Panchayat-level Federations. These

federations, by pooling in talent and resources, and, exploiting economies of scale in production and marketing, can benefit members of Self Help Groups to a large extent. This also helps in monitoring these Self Help Groups at all village panchayat levels, These Self Help Groups are successful only in States where the State takes a particular interest in it.

In Tamil Nadu, the Deputy Minister himself heads this Department. Hence there is more interest taken in the SHGs and, therefore, they are really doing well. In States where the State is not that keenly interested, it is not doing well. This kind of disparity, this kind of difference within the country is not right. I agree, as it was said here, that there should be one nodal agency or Ministry which have a definite policy to run these SHGs. We should really have a proper stock taking. We do say that SHGs have empowered women. It is true. We do see cases where it has empowered women. But where is the proof? I mean what kind of statistics do we have to back this up? Except for some outside agencies which have done some study, there is no Government statistics saying how it has changed their health, status, how it has changed their education levels and how it has changed their lives. So, the Government should have some way of stock taking to find out what are the changes which have come about in the lives of the women and what are the problems faced by them and whether the money is really used by them because, as usual, whatever money a woman makes, whatever income she generates, in our society, finally this converted as assets in the name of the man only. So, whatever the women in SHGs make, whatever they save, finally it does not come to them; it is not under their control; it finally goes to the male members of the family. All over the World, only 1 per cent of the assets are in the name of women. So, we have to make sure that what she makes, what efforts she puts in, her hard work should empower her. Thank you.

श्री विश्वजीत दैमारी (असम) : महोदय, आज सदन में बहुत ही अच्छे विषय पर बहस हो रही है और यह हमारे देश का और समाज का ही विषय है, यह सिर्फ महिलाओं का विषय नहीं है, क्योंकि महिलाओं के साथ हम सब जुड़े हुए हैं। आज यहां पर हमारी सम्मानित सदस्या श्रीमती वृंदा कारत जी, नजमा हेपतुल्ला जी और अभी-अभी जो बोली हैं, सभी ने विस्तार से बोला है। आज तक इसका क्या एचीवमेंट हुआ है, उनको क्या प्रॉब्लम्स हैं, यह स्पष्ट हो पाया है। मैं गांव के इलाके से आता हूं और सभी माननीय सदस्यों को भी इस बात की जानकारी है। आज का विषय भी यही है कि जो गांव की गरीब महिलाएं हैं, उनका self-help groups बनाकर काम करने से कुछ हो रहा है या नहीं हो रहा है, इसी विषय पर हम बात कर रहे हैं। हमारे असम में यह स्थिति थोड़ी अलग है। वहां पर यह पहले से ही ग्रुप था। जो किसी महिला समिति या गांव की समिति के नाम से था, लेकिन वह Self-help Groups के नाम से नहीं जाना जाता था। उस समय हमारे वहां बहुत जमीन-वारी थी। गांव की महिलाएं इकट्ठी होकर, चंदा

इकट्ठा करके किसी भी जमीन को लीज पर ले लेती थीं। वे उस जमीन में धान पैदा करती थीं। कुछ महिलाएं बकरियां पालती थीं, कुछ सुअर पालती थीं और कुछ मुर्गियां पालती थीं। इस प्रकार से वे महिलाएं पैसा कमाती थीं। उन महिलाओं से लोन भी दिया जाता था और उधार भी दिया जाता था। वहां पर इसी तरह का सिस्टम था, लेकिन जब वहां पर स्टूडैंट मूवमेंट हुआ, विदेशी आंदोलन हुआ और उसके बाद बोडालैंड आंदोलन हुआ था इस प्रकार के आंदोलन शुरू हो गए और तब इन महिलाओं के ग्रुप्स टूटने लगे। अब फिर गवर्नमेंट की तरफ से यह Self-help Groups का कार्यक्रम शुरू हो गया है, तो फिर से वहां पर यह महिलाओं का काम शुरू हो गया है। उनके लिए कोई यह नया कार्यक्रम नहीं है। मैं तो सोचता हूं कि असम की यह व्यवस्था देखकर किसी ने यह एडवाइज किया है कि इसको सरकार के कार्यक्रम में लिया जाए, तो जो देश के गरीब और दुखी लोग हैं, उनको ऊपर ला सकते हैं। जो भी हो, यह एविवमेंट बहुत अच्छा है। अब देखा जाए, तो गांव में हर जगह महिलाएं कुछ न कुछ तो कर रही हैं।

यह सरकार के हिसाब से रजिस्टर हो या न हो, लेकिन वे लोग Self-help Groups बनाकर काम कर रहे हैं। आज गांव की महिलाएं भी भाषण दे सकती हैं। हमारे यहां जो निर्वासन होता है, इसमें भी उनकी कोई निर्णायक भूमिका रहती है। यह सब हो गया है। ये महिलाएं कुछ न कुछ काम करती हैं, घर चलाने में सहायता भी करती हैं। इस तरह से, यदि वहां की achievement बोलें, तो यही है। इसमें थोड़ी सी यह problem हो रही है कि इन लोगों के लिए सरकार की तरफ से जितनी भी सुविधाएं दी गई हैं, वह गांव के इलाके में, उन Self-help Groups के बीच में पहुंचती नहीं है। सर, इसमें यह समस्या हो रही है कि वहां के जो Self-help Groups हैं, उन लोगों के साथ बात करने के लिए, काम करने के लिए वहां पर कोई डायरेक्ट एजेंसी नहीं है। यह एक समस्या है। Government की तरफ से, विभिन्न मंत्रालयों से जो subsidy दी गई है, पैसा दिया गया है, यह पैसा जाता ही नहीं है। उसका ज्यादातर फायदा बैंक वाले उठा रहे हैं। अगर एक bank ने, एक इलाके में पांच सौ Self-help Groups को सब्सिडी देनी है तो केवल सौ को ही देते हैं, बाकी चार सौ Self-help Groups की सब्सिडी का पैसा, जो केंद्रीय सरकार से जाता है, वे लोग उसको बैंक में रोक लेते हैं और जो बाकी applications देने वाले Self-help Groups होते हैं, उनको वोटिंग लिस्ट में दिखा देते हैं। इस तरह से वे लोग अपने interest में व्यवहार कर रहे हैं। इसके लिए हमारे मंत्रालय की तरफ से आप क्या व्यवस्था लेंगे कि जिसके लिए यह पैसा जाता है, उसी जगह पर यह पैसा कैसे पहुंच सके इसके लिए काम करना है? मैं समझता हूं कि इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। जहां तक ट्रेनिंग वगैरह की बात है, जैसे capacity building की बात बोल रहे हैं, उसके लिए आज Centre for National Integrated Rural Development, SIRD, NIRD है। SIRD जो ट्रेनिंग सेंटर है, यह टाऊन में, अरबन में, सिटी में बनाया गया है। गांव की महिलाएं वहां तक नहीं पहुंच पाती हैं, उनको कोई खबर नहीं मिलती है। जब यहां पर ट्रेनिंग का प्रोग्राम होता है, तब एन.जी.ओज़. यह करते हैं कि जो Self-help Group का नहीं है और जो ग्रामीण महिला भी नहीं है, वहां कोई पढ़ाई कर रहा है, कुछ काम कर रहा है, उन लोगों को लाकर ही Self-help Group के लिए जो ट्रेनिंग प्रोग्राम करना था, उस प्रोग्राम को वे लोग कर लेते हैं। इससे जिस तरह से कैपेसिटी बिल्डिंग करनी थी, वह नहीं हो पा रही है। इसको किस तरह से ठीक किया जाए, इसको देखना बहुत जरूरी है। गांव में बैंक नहीं है, यह भी एक समस्या है।

सारा काम बैंक के जरिऐ हो रहा है। आप नाबार्ड की बात बोल रहे हैं, गांव के लोगों को नाबार्ड का पता ही नहीं है। जो एन.जी.ओज. हैं, उनमें धनवान, बड़े-बड़े, पैसे वाले लोग होते हैं। वे दो-तीन आदमियों के नाम पर अपने सारे relatives का नाम देकर registered एन.जी.ओ. बनाकर काम रहे हैं। यह समस्या भी हमें मुश्किल में डाल रही है। इसके कारण हमारे Self-help Groups विपत्ति में पड़ रहे हैं। ये एन.जी.ओज. NABARD से या कहीं और से लोगों लेकर, उन लोगें से डबल सूद लेकर पैसा उधार में दे रहे हैं। इस वजह से वे लोग successful नहीं हो रहे हैं। इसकी वजह से कभी-कभी Self-help Group बनाने में महिलाएं discourage भी हो जाती हैं। सर, आप इसको देखिए। मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं, परंतु मैं आशा करता हूं कि इन सारी चीजों को देखने के बाद, हमारे मंत्रालय की तरफ से काम करेंगे तो हमारे Self-help Groups के लिए जिस तरह से समस्याएं आ रही हैं, उन समस्याओं का समाधान कर सकेंगे, अच्छी तरह से अचीव कर पाएंगे। यह कहकर मैं अपनी स्पीच समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज एक ऐसा विषय लाया गया है, जिसमें महिलाओं के बारे में बात कर रहे हैं। आज सबसे ज्यादा जरूरत यह है कि हम गांव में रहती हुई एक गरीब औरत, एक गरीब बहिन, गरीब पत्नी और गरीब मां को किस तरह से उसका हक दिलवा सकते हैं, उसको आर्थिक तौर पर कैसे empower कर सकते हैं। श्री राजीव गांधी जी, जो हमारे पूर्व प्रधनमंत्री थे, वह यह विचार लाए थे कि जब तक महिलाओं को पोलिटिकल empowerment नहीं देंगे, वे आगे नहीं हो पाएंगी, उनको आर्थिक empowerment नहीं मिल पाएगी। इसी उद्देश्य के लिए पंचायती राज local self Government में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण रखा गया था, जो कि आज पचास प्रतिश्त होने जा रहा है।

यह उन्हीं की देन थी, यह उन्हीं की सोच थी। उसी के साथ-साथ 9वीं योजना में भी यह सोचा गया कि जहां हम राजनीतिक empowerment दे रहे हैं, वहां आर्थिक empowerment देना भी उतना ही जरूरी है। जब तक महिला अपने पैरों पर खड़ी नहीं होगी, जब तक उसको इस बात का एहसास नहीं होगा कि वह चार रुपए किसी को दे सकती है, वह अपने बाप के ऊपर, अपने भाई के ऊपर या अपने पति के ऊपर निर्भर नहीं है, जब तक वह आर्थिक तौर पर खुद स्वतंत्र नहीं होगी, तब तक उसमें यह आत्मविश्वास नहीं आ सकता था। इसी सोच के साथ यह Self Help Group scheme बनाई गई थी, जिसने पूरे भारत में एक तरह की क्रांति ला दी है। आज गांव-गांव में एक गरीब महिला भी अपने आपमें सोचती है कि वह इतनी स्वावलंबी हो गई है कि वह अपनी बेटी को, अपनी बहू को कुछ दे सकती है, अपने घर की मदद कर सकती है। अब उसको केवल आभूषणों के ऊपर ही निर्भर नहीं रहना पड़ता। पहले यही कहा जाता था कि आभूषण स्त्री का धन है और मुसीबत के समय में वह काम आता है। लेकिन आज इन Self Help Groups ने यह साबित कर दिया है कि एक महिला अपने आपकी और अपने परिवार की मदद कर सकती है और स्त्री- धन के साथ और भी तरीके हैं, जिनसे वह खुद कमा कर, खुद आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार को भी आगे ले जा सकती है। इसके लिए मैं यह कहूंगी कि यह एक बहुत अच्छी स्कीम है और पूरे भारत में हर पंचायत में, हर ब्लॉक में ये Self Help Groups जरूर बने हुए हैं, जिनका महिलाएं पूरा फायदा उठा रही हैं। लेकिन फिर भी बहुत कमी है। मैं उनकी ओर भी ध्यान दिलवाना चाहूंगी। कई-कई जगह ऐसा है कि एक ही परिवार की सदस्य Self Help Group की मैम्बर बन जाती हैं और वे किसी को लेती भी नहीं है। इस तरह से वह पैसा उसी

परिवार में revolve करता रहता है। मेरे ध्यान में ऐसे cases लाए गए हैं, जहां पर पुरुष उन्हें कहते हैं कि आप मैम्बर बनो और वे पैसे लेकर अपने बिजनेस में लगाते हैं। चाहे वे उसका interest देते रहते हैं, लेकिन उन महिलाओं को फायदा नहीं मिल पाता। इसके बारे में भी मिनिस्ट्री को ध्यान देना चाहिए कि जो Self Help Groups हैं, वे केवल महिलाओं के लिए ही काम आएं। उनके लिए ही जो छोटी स्कीमें हैं, उनको खोला जाए, उनको रखा जाए।

आज भारत में 6 लाख से ज्यादा Self Help Groups हैं, जिनसे महिलाएं फायदा उठा रही हैं। लेकिन इसके साथ-साथ ही हमारी बहुत सीनियर मैम्बर ने marketing की बात कही। Marketing बहुत जरूरी है। ठीक है, इसी Self Help Group के द्वारा जो हमारी traditional चीजें थीं, वे भी उभर कर आई हैं, जैसे पापड़, आचार, बड़ियां। यहां तक कि गलीचे बनाने का भी काम हो रहा है, ये दरियां बनाने का भी काम ले रही हैं और हमारा जो हुनर खत्म होता जा रहा था, इन Self Help Groups की वजह से वह दोबारा revive हो रहा है, लेकिन उनको marketing नहीं मिल रही है। Marketing का जो प्रबन्ध है, मैं यह कहूंगी कि वह मंत्रालय को करना चाहिए या जो भी वहां industry के हैं, चाहे export houses हैं, not for export, लेकिन अपने प्रदेश से बाहर ले जाने के लिए या गांव से शहर तक ले जाने के लिए, ऐसे shops के साथ, ऐसे बड़े-बड़े departmental stores के साथ उनका कहीं-न-कहीं तालमेल होना चाहिए, जिससे वे अपनी चीजें वहां बेच सकें और उनको ऑर्डर मिल सके। अब जैसे हिमाचल प्रदेश है। वहां पर ऊन का बहुत ज्यादा काम होता है, स्वेटर बनाए जाते हैं, गलीचे बनाये जाते हैं, शालें बनती हैं और उनमें Self Help Groups लगे हुए हैं। उनको ट्रेनिंग दी जा रही है, लेकिन उनको मार्केट न मिलने की वजह से उन लोगों को middlemen के ऊपर निर्भर होना पड़ता है। इस बात को भी देखना चाहिए। अगर हम सही मायने में उनकी empowerment चाहते हैं, तो इन बातों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

इसके साथ-साथ मैं एक बात और कहूंगी कि कहीं-कहीं पर ऐसा भी देखने में आया है कि सभी महिलाओं को Self Help Groups में नहीं लिया जाता और कहीं पर target को पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी जोड़ दिया जाता है, जिनको उसकी जरूरत नहीं होती और जो जरूरतमंद महिलाएं हैं, वे रह जाती हैं। इसलिए इनके जो कार्यकर्ता या मुख्य सेविकाएं वहां जाती हैं, जो BDOs या CDPOs के माध्यम से उन तक संदेश पहुंचाती हैं, उनको यह चाहिए कि वे जाकर यह भी देखें कि कौन-सी ऐसी महिलाएं हैं, जिनको इसमें लाने की जरूरत है। जिन महिलाओं को भी empowerment की जरूरत है, उनको वे encourage करें और उन्हें समझा कर इसमें लाएं। हालांकि इसके बारे में बहुत अवेयरनेस आ गई है, लेकिन फिर भी कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां पर अवेयरनेस की जरूरत है कि Self Help Groups कैसे बनाए जाएं।

मैं जब भी गांवों में जाती हूं, तो उनसे इस बारे में पूछती हूं, क्योंकि पहले हमारे यहां जो महिला मंडलों की स्कीम थी। वही महिला मंडल अब Self Help Groups में परिवर्तित हो रहे हैं। लेकिन यह भी देखने में आया है कि उनको सही ढंग से गाइडेंस नहीं मिल रही है। उनको इसकी गाइडेंस सही तरीके से मिलनी चाहिए, जिससे कि वे पूरी तरह से इसका लाभ उठा सकें।

वृंदा जी ने अभी interest की बात की है, मैं भी उनसे बिलकुल सहमत हूं और यह कहती हूं कि महिलाएं चाहे कोई भी काम करना चाहती हों, उन्हें हर एक काम के लिए interest में रिबेट मिलना चाहिए, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और सही ढंग से अपनी किश्त का पैसा वापिस कर सकें। यह तथ्य सामने आया है कि Self Help Groups में 90% पैसे का भुगतान होता है। बड़े लोग तो दे देते हैं, लेकिन छोटे लोग नहीं दे पाते, लेकिन अगर इंटरस्ट उनकी सीमा में होगा, तो वे महिलाएं भी बड़े काम शुरू कर सकेंगी और आगे बढ़ सकेंगी।

एक चीज़ इसमें मैं और कहूंगी कि Self-help Groups की जो स्कीम है, इसमें micro-financing है, इसलिए मैं चाहूंगी कि इसके लिए एक कमेटी बने, जिसमें Ministry of Women and Child Development के प्रतिनिधियों के साथ ही साथ Ministry of Finance के प्रतिनिधियों का होना भी बहुत जरूरी है। NABARD या अन्य किसी की मदद से Finance Ministry इसमें मदद कर सकती है, इसलिए Ministry of Women and Child Development के साथ ही साथ इसमें Ministry of Finance के representative को भी शामिल होना चाहिए, जिससे कि इनका काम smoothly हो सके और ये Self-help Groups और अधिक ताकतवर बन सकें। अगर हम बांग्लादेश की बात करते हैं, तो अपने भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? इसके लिए Finance Ministry के representative का इसमें होना बहुत जरूरी है, जिससे कि इसको ठीक ढंग से आगे चलाया जा सके। इसके साथ ही मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए टाइम दिया। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री किशोर कुमार मोहन्ती (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष महोदया धन्यवाद। मैं यहां पर उड़ीसा को represent कर रहा हूं और आज सदन में अपना पहला। वक्तव्य आपके सम्मुख रख रहा हूं **...(व्यवधान)...।** पहले भी मैं महिलाओं के विषय पर बोला हूं **...(व्यवधान)...** आज भी महिलाओं के ऊपर जो सब्जैक्ट आया है, उसके ऊपर मैं बोलने जा रहा हूं। जिस चीज़ पर आज यहां चर्चा हो रही है, मुझे गर्व है कि हमारे उड़ीसा में 3,87,325 Self-help Groups बने हुए हैं, जिनमें से 2,18,016 केवल Rural-belt में बने हुए हैं। हर साल हमारी उड़ीसा की सरकार 50 करोड़ रुपये प्रति वर्ष इन self-help Groups को देती है, ताकि जो गांवों की महिलाएं हैं, उनकी तरक्की हो। यही कारण है कि वहां पर Self-help Groups का यह जो संगठन है, बहुत अच्छी तरह से पनप रहा है। यह जो revolution आया है उससे आगे चल कर निश्चित तौर पर महिलओं में बहुत परिवर्तन आएगा और हम सभी लोग उसे देखेंगे।

इसमें कुछ अड़चनें भी हैं। हमने एपीएल और बीपीएल, ये दो ग्रुप्स बना रखे हैं। बीपीएल के Self Help Group को हम 25% सब्सिडी देते हैं, लेकिन अगर वह एपीएल का Self Help Group होता है, तो उसको हम कोई भी सब्सिडी नहीं देते हैं। ऐसा क्यों है? ये जो गांव की महिलाएं हैं, उन महिलाओं के बीच में यह अंतर क्यों है? अगर हम सब्सिडी देकर Self Help Groups को मदद देना चाहते हैं, तो गांव की महिलाओं में यह एपीएल या बीपीएल का सवाल क्यों आना चाहिए? अगर हम चाहते हैं कि महिलाओं का कुछ सुधार हो और इसके लिए ही हम उनको सब्सिडी देना चाहते हैं, तो सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाए, ताकि आगे चल कर उन सभी की कुछ financial capacity बढ़ाई जा सके।

मैं यह कहना चाहता हूं कि पहले केन्द्र सरकार की तरफ से "स्वयंसिद्धि" नाम से एक कार्यक्रम लाया गया था। इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की तरफ से स्टेट गवर्नमेंट को कुछ रुपए दिए जाते रहे, ताकि वहां पर self help groups को कार्यान्वित किया जा सके, मगर पिछले तीन सालों से यह कार्यक्रम बन्द है। मैं यह चाहूंगा कि मंत्री महोदया इस बात को ध्यान में रखें। अगर वह चाहती हैं कि ये स्वयं सहायक गोष्ठियां महिलाओं की हैल्प करें, भारत के रूरल बैल्ट को अच्छा बनाने के लिए वे आगे चल कर तैयार हों, तो केन्द्र सरकार की तरफ से जो हैल्प उनको मिलती रही है, वह हैल्प उनको निश्चित तौर पर दी जाए।

महोदय, गांव में जो federation बना है या पंचायत में जो स्वयं सहायक गोष्ठी बनी है या जो self help group बना है, अगर उनके पास बैठने की जगह नहीं होगी, तो वे लोग कहां पर बैठेंगे? अगर वे लोग ब्लॉक में आते हैं, तो वहां पर लोग चिंता व्यक्त करते हैं कि किसे बोलेंगे, क्या project लेंगे। अगर उनके पास बैठने की जगह नहीं होगी, तो वे कहां पर बैठेंगे, वे क्या निष्पत्ति लेंगे तथा उनके जो इतने कार्यक्रम हैं, उन्हें वे कैसे लागू करेंगे? अगर उन सबों को बैठ कर निष्पत्ति लेने की जगह कहीं नहीं होगी, तो वे लोग कहां पर निष्पत्ति लेंगे? इसीलिए वे लोग ब्लॉक में आकर ऑफिस में या यहं-वहां बैठते हैं, घूमते रहते हैं। जो महिलाएं होती हैं, उनका बहुत उत्पीड़न होता है। मैं मंत्री महोदया से चाहूंगा कि सभी स्टेट्स को पंचायत स्तर पर एवं ब्लॉक में उन लोगों के बैठने के स्थान के लिए और उनके कार्यालय के लिए sufficient रुपए भेजे जाएं, ताकि वहां पर महिलाएं बैठकर अपने कार्यों पर निष्पत्ति ले सकें। इस बारे में उड़ीसा के हमारे मंत्री महोदय ने भी जो यहंा पर आपका कांफेरेंस हुआ था शायद उसमें यह बात रखी थी, ताकि वह स्वयंसिद्धा कार्यक्रम जिसे आपने बंद कर दिया है या केन्द्र सरकार ने जिसे पिछले तीन सालों से बंद कर रखा है, इसे फिर चालू किया जाए, जाकि इससे वहां पर आगे चल कर हमारी महिलाओं की उन्नति हो सके।

महोदय, मैं एक बात पर सांसद श्रीमती वृंदा कारत जी से सहमत हूं कि यह जो micro finance company है, अगर इसे हम लोग इसमें involve करेंगे, तो naturally ये धीरे-धीरे हमारे जो सारे self help groups हैं, इनको occupy कर लेंगे। इसका कारण यह है कि ये एक परसेंट पर लोन लेते हैं और ये हां पर self help groups को हर महीने 10 परसेंट पर लोन का लालच दिखा कर उन्हें अपने under में करना चाह रहे हैं। इस तरह धीरे-धीरे वहां पर जो महिलाएं self help group में हैं, वे उसमें corrupt practice में चली जा रही हैं। अगर यह practice रहेगी, तो इसका जो उचित मूल्य है, जो कि हम देख रहे हैं कि गांव की महिलाओं को तैयार करके हम भारत को सुधार सकेंगे, जो सबसे पिछड़े क्षेत्र में रहती है, जहां आदिवासी या अनुसूचित जाति की महिलाएं रहती हैं, अगर इस किस्म से हम उनकी हैल्प करना चाहते हैं, तो गांव की महिलाओं की उन्नति नहीं हो सकेगी।

महोदय, मैं एक और बात यहां पर कहना चाहता हूं। Central Budget में हमारे स्टेट को जो पैसा दिया जाता है, यह बहुत नगण्य हो जाता है। अगर उड़ीसा में मात्र दो लाख से ज्यादा self help groups हैं, तो उनको जो दरकार है, उनको जो ट्रेनिंग दरकार है या गांव में जो महिलाएं रहती हैं, उनको ट्रेनिंग जो दरकार है, वह proper professional training नहीं होने के कारण जो business वे कर रही हैं, उसमें वे loss कर रही हैं। मैं आपको इसका एक example देना चाहूंगा।

हमरा एक कंधमाल district है। वृंदा कारत जी बहुत बार भुवनेश्वर गई हैं। वहां पर उन्होंने देखा होगा कि जो हल्दी हम लोग खाते हैं, वहां जो हल्दी कंधमाल से आती है वह सबसे अच्छी हल्दी होती है। वहां पर जो आदिवासी self help groups हैं, वे उसे वहां लाकर भुवनेश्वर में बेचते रहे और बहुत फायदा उठाते रहे। लाखों रुपए का फायदा वहां के self help groups ने वहां पर उठाया। मगर बाद में tradition कुछ ऐसा आ गया कि जिसे हम micro finance company बोलते हैं, व्यापारी लोग बोलते हैं, वे खुद उस self help groups से हल्दी खरीदकर भुवनेश्वर में लाकर, 5-7 सौ किलोमीटर दूर लाकर, बेचने लगीं और उसका फायदा व्यापारी लोग उठाने लगे। इस प्रकार जो self help groups वहां पर थे, वे धीरे-धीरे अब loss avail कर रहे हैं। इसलिए मैं यह चाहता हूं कि अगर उनको proper training दी जाए, उनको गांव में training दी जाए और उनका मार्केट तैयार किया जाए तो ऐसे बहुत से self help groups आ सकेंगे तथा इससे हमारी महिलाओं की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे ऊपर आ सकेगी।

सर, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी उड़ीसा सरकार द्वारा आज mid day meal का काम self help groups को दिया गया है। हमारे गांवों के स्कूलों में जो mid day meal दिया जाता है, जो बच्चे mid day meal खाते हैं, दिन में जो खाना खाते हैं, जिसे सरकार की तरफ से, केन्द्र सरकार की तरफ से, दिया जाता है, वह काम हमारे यहां self help groups को दिया गया है। आज वहां पर self help groups को और भी कई तरीके से, जैसे हमारा जो Public Distribution System है, उसमें उन्हें अवसर दिया गया है ताकि वे लोग कुछ रोजगार कर सकें, उनकी आर्थिक उन्नति हो सके, ने समाज की मुख्य धारा में आ सकें और उनकी आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हो सके। हमारे उड़ीसा में इस सिस्टम में परिवर्तन लाने के बाद भी अगर उन्हें properly trained नहीं करेंगे तो कुछ दिनों के बाद उन्हें जो loss होगा, उससे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे गिर जाएगी। इसके कारण कई महिलाएं suicide भी करने लग गई हैं, क्योंकि वे जो लोन Self-Help Groups से लेती हैं, उनका समय पर repayment नहीं कर पाती हैं। इसलिए मेरा विचार है कि महिलाओं को बैंक से जो हम finance करते हैं, उसे 3% के interest rate पर finance किया जाए ताकि उनकी आर्थिक उन्नति हो सके। अभी हमारे उड़ीसा में co-operative banks से सबको 5% पर लोन दिया जा रहा है। इसलिए मैं यह चाहूंगा कि अगर केन्द्र सरकार यह चाहती है कि rural belt में महिलाओं की आर्थिक उन्नति हो तो वह इसके लिए आवश्यक कदम उठाये।

श्री के.बी. शणप्पा (कर्नाटक) : कर्णाटक में यह 4% से नीचे है।...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. URIEN): Kindly don't interrupt. It is his maiden speech.

श्री किशोर कुमार मोहन्ती : जी, इसलिए मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इस संबंध में निर्देश दे ताकि हमारी महिलाएं जो Self-Help Groups के माध्यम से लोन उठाती हैं, वह उन्हें 3% पर या lowest rate पर finance किया जाए। इससे आने वाले दिनों में निश्चित तौर पर यह Self-Help Group programme धीरे-धीरे ऐसे आंदोलन का रूप लेगा, जिससे हमारी महिलाओं की उन्नति हो सकती है। आज हम naturally यह देख रहे हैं कि जहां Self Help Groups हैं, वहां महिलाएं काम करने और कुछ बात कहने की स्थिति में आयी हैं। जिस गांव में वे लोग घरों से नहीं निकलती थीं, आज वहं Self Help Groups के जरिये उनकी जुबान में बोलने की ताकत आई है। आज

उन्होंने काम करने और बिजनेस करने की शक्ति प्राप्त की है। अगर आने वाले कल में Self-help Groups में कुछ सुधार लाया जा सकता है तो यह हमारे देश की महिलाओं के लिए बहुत अच्छी चीज होगी। इतना कहकर मैं अपना वक्तव्य यहीं समाप्त करता हूं।

SHRI KUMAR DEEPAK DAS (Assam): Sir, so far as the Self-Help Group Movement is concerned, we have a 500-year old history in Assam. My friend, Shri Biswajit Daimary, has already given some glimpses in his speech. In Barpeta, this was advocated by Vaishnava Pandit Mathura Das Burahata. A great Vaishnavite Centre is Barpeta in the North-Eastem Region. This Self Help group and microfinancing movement was started nearly 500 years ago. It was participated all the men and women. It is still in practice. It is operated by various Hatia (i.e. centre) through Hatia Ghar, that is, the community hall, under Barpeta Satra, the great Vaishnava Shrine in Assam, The promoter of this concept of micro finance and Self-Help Group system in India, 500 years ago, Mathura Das Burahata has not been recognised so far at the national or the international level. Pandit Mathura Das Burah is widely known for this concept of micro-finance and Self-Help Group movement in Assam. I am feeling proud to glorify this saint, Pandit Mathura Das Burahata in this Upper House, with reference to the discussion on achievements and problems of the Self-Help Group Movement today.

Sir, the Self-Help Group Movement is a popular and a successful movement in India. I must congratulate the hon. Minister and the Government of India. Now, the Government is pumping crores of rupees through these Self-Help Groups. I want to urge upon the Government that they should be careful because some miscreants are trying to frustrate this Movement because it is dealing with lots of money. In Assam, the Government may initiated a giant steps tor promotion of weaving industry there. Shrimati Brinda Karat has rightly pointed out about the problem of female weavers of my State. In Assam, every woman of every indigenous family, whether tribal or non-tribal, is expert in weaving.

It is also a means of livelihood of the women of Assam. What is important is that these products of Assam and North-East have a good market within the country and also in the international market. It will boost the economic upliftment of women of our North-Eastern Region. I hope the hon. Minister will take special interest on this issue. There is a demand for training of SHG for capacity-building, accounts maintenance, etc. There is also need for development of market for SHG. So, I want to draw the attention of the hon. Minister towards these issues. With these few words, Sir, I thank you very much for giving me the opportunity to speak on this issue.

श्रीमती कृष्णा तीरथ : सर, मुझे बहुत खुशी हुई है कि आज इस सदन में Self Help Groups जो महिलाओं के लिए, महिलाओं को सशक्त करने के लिए हैं, उस पर बहुत सारे सदस्य, करीब-करीब 9 सदस्य बोले हैं।

श्रीमती वृंदा कारत जी ने इसे शुरू किया, डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला जी ने उसे और प्रोत्साहित किया और साथ में जो हमारे तमाम male-female members इस पर बोले हैं। मुझे भी बहुत खुशी हुई कि महिलाएं जब-जब अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं, तब-तब उन्होंने हर फील्ड को सशक्त किया है। लेकिन, आज हम बात कर रहे हैं कि महिलाओं को खुद सशक्त करने के बारे में। चाहे वह झांसी की रानी हो, चाहे वह रज़िया सुल्तान हो, जब-जब उन पर कोई परेशानी आई, उन्होंने अपने आपको सशक्त करने के लिए सिर उठाया है और आज Self-help Groups बनाकर जिन महिलाओं ने भारत में, जो विकासशील भारत है, उसको विकसित करने के लिए कदम बढ़ाए है, तो सदन की चिंता और बढ़ी है और मैं समझती हूं कि इसमें Women & Child Development के साथ-साथ हमारे और मंत्रालय भी शामिल हैं, जो इन self-help groups में मदद करते हैं - Rural Development Ministry है, Agriculture है, Finance है, जो NABARD और Banks के माध्यम से काम करते हैं। श्रीमती वृंदा कारत जी ने बहुत विस्तार से कहा कि कृष्णा जी के विभाग में तो बहुत कम है, लेकिन यदि महिलाओं का बोझ मैनें लिया है, तो मैंने इस बोझ को सहने का कदम भी बढ़ाया है और साहस से मैंने बात की है ...

श्रीमती वृंदा कारत : आपको अधिकार भी मिलना चाहिए।

श्रीमती कृष्णा तीरथ : मैं चाहती हूं कि इस बात को जिस तरह से यहां बात रखा गया, हर राज्य की बात अपने आपमें आई। तमाम महिलाएं जो भारत में, प्रोडयूसर्स, इंटरप्रिन्योर्स, वर्कर्स, कंज्यूमर्स, सिटिजन के रूप में जानी जाती हैं, देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, छोटी-छोटी जगहों पर Self-help Groups बनाकर अपने आपको आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रही हैं और आत्मनिर्भर बनना खासतौर से महिलाओं के लिए इसलिए जरूरी है कि महिलाओं में बहुत शक्ति है। वे घर के भीतर, घर के बाहर, चाहे वह राजनीतिक फील्ड हो या सामाजिक फील्ड हो, चाहे वह बच्चों को संभालने की बात हो, चाहे देश को आगे ले जाने की बात हो, देश की आजादी से लेकर आज तक महिलाओं ने देश को आगे बढ़ाया है और इस देश को आगे बढ़ाने के साथ जब हम सोचते हैं कि उन्हें कैसे सशक्त करें, तो हम चाहते हैं कि उन्हें चहुमुखी सशक्त करना चाहिए। उन्हें शारीरिक रूप से, मानसिक रूप से, आर्थिक रूप से, शैक्षणिक रूप से और फिर राजनीतिक रूप से सशक्त करना हम तमाम महिलाएं चाहती हैं और इसमें पुरुष भी, इसको सशक्त करने के लिए, आज अपना पूरा साहस और शक्ति दे रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत अब आगे बढ़ेगा और विश्व में उसका नाम सबसे ऊपर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएग। विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए तमाम महिलाएं काम करेंगी। मैं इसी बारे में बताना चाहती हूं कि मेरे मंत्रालय से जो काम चल रहे हैं, इसमें तीन कार्यक्रम योजनाओं के रूप में चले - इंदिरा महिला योजना, स्वयं शक्ति योजना, स्वयं सिद्धा स्कीम, जिसके लिए उड़ीसा के भाई ने बताया कि इसमें हमारा एक सैकिंड प्लान चल रहा है- स्वयं सिद्धा-2, जिसके बारे में हम अभी प्लानिंग कमीशन से बातचीत कर रहे हैं और उसके बारे में अभी भी आगे बताऊंगी। जो हमारी इंदिरा महिला योजना, स्वयं शक्ति योजना और स्वयं सिद्धा स्कीम है, इसके अंतर्गत लगभग 1,30,000 Self Help Groups बनाए गए और अब RMK, राष्ट्रीय महिला कोष, द्वारा 31.10.2009 तक 66,000 Self Help Groups को लाभ पहुंचाया गया। स्वयं सिद्धा स्कीम के तहत पहले 116.30 करोड़ रुपए का बजट था, जिसको राज्यों की सरकारों द्वारा चलाया गया, तमाम राज्यों को इसमें से बजट दिया गया।

उन्होंने इसमें मदद की, सैल्फ-हैल्प ग्रुप्स बने और उन राज्यों में महिलाओं ने जो काम किए, चाहे वे काम उनके क्षेत्र के हिसाब से हों, अच्छे किए। अभी विप्लव ठाकुर जी ने बताया कि उनके यहां ऊन का काम होता है, कारपेट बनते हैं, शॉलें बनती हैं, स्वेटर्स बनते हैं, कहीं पापड़ बनते हैं। नजमा जी ने बताया कि लखनऊ में चिकन का कम होता है और लिज्जत पापड़ की बात कही, कहीं अचार-चटनी की बात कही गई, कहीं ज्वैलरी डिजाइनिंग की बात कही गई। मैं समझती हूं कि आज तो महिलाओं ने काफी तरक्की की है और वे ब्यूटी-कल्चर के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही हैं। देश के पांच सितारा होटलों में भी उन्होंने उन सैल्फ-हैल्प ग्रुप्स के माध्यम से ट्रैंड होकर, जगह-जगह रोज़गार पाया है और उससे उनको सशक्त होने का रास्ता मिला है। इसके साथ ही "स्वयंसिद्धा" स्कीम के तहत जो पैसा राज्यों के द्वारा मिला, उससे विभिन्न काम किए गए, उससे 5,424 सामुदायिक परिसंपत्तियों का सृजन किया गया - इनमें ट्यूबवैल लगाना, मीटिंग हॉल बनाना शामिल हैं, ताकि राज्य के जितने सैल्फ-हैल्प ग्रुप्स हैं, वे वहां जाकर उसका उपयोग कर सकें और अपनी सुविधा के लिए वहां बैठकर बात कर सकें। "स्वयंसिद्धा" स्कीम के अंतर्गत जो 59,803 SHGs गठित किए गए हैं, इनके अंतर्गत भी 10 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचा है तथा SHGs इन के लिए 168.84 करोड़ रुपए की राशि उन्होंने बचाई है। यानी महिलाओं ने स्वयं अपने आप में empower होकर जो 168.84 करोड़ रुपए की बचत की है, इससे लगता है कि महिलाएं सशक्त हुई हैं और जो आपकी चिंता है, वह उन तक पहुंची है। मुझे पता है कि हम लोग जो पब्लिक फील्ड के लोग हैं, पब्लिक को जानते हैं, उनकी मदद करते हैं, चाहे देश के आदिवासी इलाके हैं, चाहे दलित महिलाएं हैं, अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाएं हैं, हमें उनमें जाकर काम करने का मौका मिला है। नजमा जी ने बताया कि हम ऐसी फैमिलीज़ से आते हैं कि हमें economic empowerment तो नहीं चाहिए, लेकिन economic empowerment करने के लिए, दूसरी महिलाओं को सशक्त करने के लिए, उनको उनके पैरों पर खड़ा करने के लिए एक मार्गदर्शन जरूर चाहिए। हमें एक रोशनी जरूर दिखानी है, वह रोशनी, जिसके तहत चलकर वह आगे बढ़ सके और गर्व से कहे कि मैं भी भारतीय महिला हूं, भारत के संविधान ने जब मुझे बराबरी का अधिकार दिया है, तो कौन सी ऐसी ताकत है, जो मुझे रोक सके? सरकार के तमाम कानून और कायदे, महिलाओं की रक्षा के लिए बने हैं, महिलाओं को सशक्त करने के लिए बने हैं, तो वह चीज़ वहां तक न पहुंचे, यह हो नहीं सकता, इसके लिए जरूर कोई न कोई चैनल बनता है। हर राज्य में चाहे वह पुरुष हो या महिला हो, जब वह जीतकर आती है, तो अपने राज्य के लिए अधिकार मांगती है और उस राज्य के अधिकार के तहत, हम महिलाओं के लिए जो बात कर रहे हैं, जो-जो अधिकार उनको दिए जाते हैं, उनको वहां तक पहुंचाना हमारा काम बनता है।

सभी सैल्फ-हैल्प ग्रुप्स ने बैंकों में खाते खोले हैं और जो 113.20 करोड़ रुपए की राशि बैंकों में जमा कराई गई, इससे पता चलता है कि विकासशील भारत में महिलाएं अति जागरूक हुई हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि उनको इस पथ पर और आगे बढ़ाए। हम जो तरह-तरह की योजनाएं लाते हैं, उनके तहत हम महिलाओं को सशक्त करें और सशक्त भारत जब आगे बढ़ेगा, तो उसका सिर विश्व में और ऊपर उठेगा, जिससे वह महिला कह सकेगी कि मैं भारतीय नारी हूं और भारत में जिन बड़ी-बड़ी महान हस्तियों ने जन्म लिया है, उनके नाम को आगे बढ़ाना हम सबका और महिलाओं का काम है।

मैं जानती हूं कि महिलाओं की कितनी जबर्दस्त ड्यूटी है, कभी-कभी छोटी उम्र की महिलाएं SHGs में काम नहीं कर पातीं, क्योंकि उन्हें अपने घर में बच्चों का ख्याल रखना है, घर-परिवार को देखना है, पति को कब ऑफिस जाना है, यह देखना है, जो बुजुर्ग हैं, उनकी सेवा करनी है, उनके लिए दवाई लानी है, उनके लिए भोजन का इंतजाम करना है, ये तमाम चीजें महिलाएं करती हैं, लेकिन इसके बावजूद वे चाहती हैं कि वे अपने पैरों पर खड़ी होकर सशक्त बनें। जब वे इस तरह सशक्त होती हैं, तो घर में उनका मान-सम्मान बढ़ता है और domestic violence में भी कमी आती है। घर के सदस्य उससे प्यार करने लगते हैं, क्योंकि जब वह पैसा लेकर आती है, तो उस पैसे को चलाना सीखती है, उसे बैंक में कैसे जमा करना है, किसी और जगह पर उसे कैसे खर्च करना है, यह ट्रेनिंग भी सरकार के इन्हीं SHGs के माध्यम से दी जाती है। इससे एक और फायदा है कि जब महिला पैसे कमाती है, तो उसको अच्छी जगह पर लगाती है। आज हम पूरे भारत में कहते हैं कि यहां की महिलाएं और बच्चे undernourished हैं, mal-nourished हैं। जब महिलाओं के पास पैसा आता है, तो इन समस्याओं का निदान हमें महिलाओं के उस पैसे से मिलता है, क्योंकि वे बच्चों को अच्छा खाना खिलाती हैं, अच्छी शिक्षा देती हैं, अच्छे कपड़े पहनाती हैं, उनका standard of living अच्छा बनता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मुझे बहुत अच्छा लगा जब वृंदा कारत जी ने और तमाम साथियों ने इस बात को रखा और मुझे इस सदन में बोलने का मौका मिला। इस प्रकार हम स्वयंसेवी महिलाओं के skill upgradation कराने का काम भी "सेल्फ हेल्प ग्रुप्स" में कराते हैं। सरकार उनको जो मदद करती है, वह मदद अलग-अलग राज्यों में विभिन्न स्कीम्स के तहत दी जाती है। राष्ट्रीय महिला कोष के अंतर्गत अभी 31 अक्टूबर, 2009 तक अण्डमान निकोबार द्वीप सहित 27 राज्यों में 66 हजार SHGs के लिए 234 करोड़ रुपए के लोन दिए गए हैं। आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उड़ीसा में आरएमके की सहायता से पता चला है कि वहां की महिलाओं के जीवन स्तर में बहुत सुधार आया है। यहां पर एक साथी ने बताया कि इस कार्यक्रम से हमारी महिलाओं तक वह लाभ पहुंचा है। महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अन्य मंत्रालय भी प्रयासरत हैं, जैसे मैंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, Finance Ministry, Agriculture Ministry, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक बड़ी स्कीम है, जिसका नाम है "स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना"। यह 1 अप्रैल, 1999 से चलाई गई है। चूंकि यह एक अप्रैल को चलाई गई थी, इसलिए मुझे लगा कि लोग इसे "अप्रैल फूल" की तरह न मानें। 1 अप्रैल, 1999 से यह योजना चलाई जा रही है, जिसमें SHG का गठन, ट्रेनिंग, लोन देना, credit linkage, subsidy, Technology input, Infrastructural marketing support दी जाती है। यह कार्यक्रम District Rural Development Agencies द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना के तहत 35 लाख SHGs बनी हैं, जिनमें से 23 लाख SHGs महिलाओं की हैं। महिलाओं के SHGs के लिए 13,500 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। वित्त मंत्रालय के तहत "जनश्री बीमा योजना" के तहत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले या गरीबी रेखा से थोड़ा सा ऊपर जीवन यापन करने वाले ग्रामीण और शहरी लोगों, दोनों के जीवन में सुधार करने के लिए "जनश्री बीमा योजना" शुरू की गई है। इस योजना में 18 से 59 साल तक के सभी लोगों को शामिल किया गया है। केन्द्र सरकार ने इसमें 500 करोड़ रुपए का contribution किया है, जो एलआईसी के माध्यम से social security के रूप में दिया जाता है। नाबार्ड तथा दूसरे बैंकों की

सहायता से भी लगभग 13.47 लाख महिला SHGs के 10,527 करोड़ रुपए के बैंक लोन दिए गए हैं और उन्हें कार्य करने और आत्म निर्भर बनाने के लिए जो काम किया गया है, इससे मुझे लगता है कि महिलाएं अपने आप में गौरवान्वित महसूस करती हैं। कृषि मंत्रालय के अंतर्गत 1982 से लेकर 2005 तक महिलाओं को external assistance दी गई, जिसमें 1984 से 2003 तक दक्ष सहायता से एक चरणबद्ध तरीके से परियोना शुरू की गई। इन सभी कार्यक्रमों में चर्चा मंडल, खेतीहर महिला मंडल जैसे अनौपचारिक दलों का गठन किया गया है, जिनका उद्देश्य महिलाओं को ट्रेनिंग देना, आपस में बातचीत करने के लिए उन्हें इकट्ठा करना, एक मंच प्रदान करना, जिनसे वे अपने दुख-दर्द या रास्ते चुन सकें, एक-दूसरे की बात से जान सकें कि किस रास्ते पर चल कर उन्हें अपने आप को सशक्त करना है, अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है, income generation कैसे होगी, income generation का कौन सा रास्ता अपनाएंगी, इस तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसके लिए उन सभी को इस तरह के अवसर देना कृषि मंत्रालय द्वारा दिया गया है। इसके अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा में कृषि में महिलाओं के लिए "कृषि महिला" नामक केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम है। यूएनडीपी की मदद से खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम 1999 में शुरू किया गया। किसान महिलाओं को ट्रेनिंग देना और उन्हें सशक्त करना, इसका मुख्य उद्देश्य रहा है। जो किसान महिलाएं हैं, कभी-कभी विपरीत स्थिति में उनके लिए भी परेशानियां आती हैं। वृंदा जी ने कहा था कि जब ऐसी calamity आ जाए, इस तरह की परेशानियां आ जाएं, तो उस समय उनका लोन माफ किया जाना चाहिए। इसके लिए मैं जरूर बात करूंगी कि कहीं-कहीं जब महिलाएं लोन लेती हैं और ऐसी आपत्ति आ जाती है, जैसे उसकी खेती है और सूखा पड़ गया या बाढ़ आ गई, तो ऐसी स्थिति में लोन कैसे माफ किया जा सकता है, इसके लिए मैं जरूर प्रयास करूंगी। तीन कार्यक्रमों के तहत National Watershed Development for rainfed access areas हैं।

इसमें Soil conservation in the catchments of River Valley, Flood Prone Rivers and National Watershed Development Programme हैं। इनके अंतर्गत SHGs को उपभोक्ता दलों के साथ-साथ व्यवस्था का इस्तेमाल किया गया है। इसमें गरीब, छोटे किसान परिवार, भूमिहीन गरीब कृषकों के लिए, महिला चरवाहों तथा एस.सी/एस.टी. के लोगों को संगठित रूप में बढ़ाया जाता है। उनके संगठन बनाए जाते हैं और हर SHG को maximum 50,000 रुपए की मदद दी जाती है, जिससे वे अपने इस काम को चला सकें। मैं समझती हूं कि इन थोड़े से रुपयों से - पन्द्रह, बीस, पच्चीस हजार या तीस हजार से जब ये महिला ग्रुप काम करते हैं, तो उनसे छोटी-छोटी चटाई बनाना, चादर बनाना, शॉल बनाना, पापड़ बनाना - इस तरह के काम वे करते हैं, पर उनका वह माल कैसे बिकेगा, किस जगह पर उसकी हाट होगी, कहां जाकर वे बेचेंगी, उनको प्रॉफिट कितना होगा, कितना उन्होंने लोन लिया है, कितना पैसा लोन का उनको वापस लौटाना है... पर मुझे इस बात की खुशी है कि SHGs में ये महिलाएं जो लोन लेती है, उसमें 98 परसेंट तक लोन बैंकों में वापस जमा होते हैं, जिससे यह लाभ महिलाओं को ही नहीं, बल्कि बैंकों को भी मिला है। बैंकों को एक आधार मिला है, यह conduit है कि SHGs या NGOs के द्वारा सरकारी काम आम जनता तक पहुंचे। यह एक ऐसा अच्छा काम है कि इससे बैंकों को भी लाभ मिला है, क्योंकि बैंक का जो पैसा जाता है, उन्हें रिकवरी की आवश्यकता नहीं पड़ती। महिलाएं बहुत सच्चाई और ईमानदारी से काम करती हैं और बैंक का लोन वापस बैंक को दे देती हैं।

4.00 P.M.

नॉर्थ ईस्टर्न स्टेट्स में सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बागवानी के विकास हेतु प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत फूलों की खेती करने के लिए महिलाओं के SHG कार्यरत हैं। इसमें अच्छे स्तर के बीज का उत्पादन करना, उनका मूल्य अच्छा मिल सके - उसके लिए उन्हें ट्रेनिंग देना, दूसरे कमा जैसे पशु-पालन, टोकरियां बनाना, कशीदाकारी करना, सिलाई करना, honey-bee पालना - जिससे वे शहद तैयार कर सकें और उस शहद को मार्केट में बेच सकें, रेशमी धागा तैयार करना आदि income generation के कार्यक्रम इन Self-Help Groups द्वारा किए जाते हैं। इस क्षेत्र में महिलाओं को मदद पहुंचाने के लिए कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है, जैसे कहीं-कहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक नहीं हैं, तो वे लोन कहां से लेंगी? दूसरे लोग जो लोन देते हैं, उसका परसेंटेज जो होता है, वह 24-25 परसेंट से ज्यादा होता है। उसके ऊपर लगाम नहीं लग सकती है, इसलिए हमारे बैंक हर गांव में, हर आदिवासी तक पहुंचे, मैं समझती हूं कि ऐसा होना चाहिए। जो अभी आर.एम.के. खोला है, राष्ट्रीय महिला कोष - उसको भी strengthen करना है। पिछले कई वर्षों में इन्होंने awareness programme भी दिए हैं और Exposure visits, Skill Development Programmes का आयोजन किया है। हाल ही में उन्होंने Jewellery Designing, Modern Dairy प्रबंधन तथा Non-conventional Energy, Solar Cooker जैसे आधुनिक व्यवसाय के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया है और Self-Help Groups के माध्यम से वे इस काम को आगे बढ़ा सकते हैं।

एक नहीं अनेकों स्कीमें, जैसे स्वयं सिद्धा - आपने स्वयं सिद्धा की बात की, इसका पार्ट-2 शुरू होने वाला है in consultation with the Planning Commission और गवर्नमेंट इसको तैयार कर रही है, जिसको 1500 ब्लॉक्स में जल्दी launch किया जाएगा। 600 ब्लॉक्स में, इसका जो end हुआ था 2008 में, अब आर.एम.के. के तहत इस स्वयं सिद्धा की स्कीम को लाया जाएगा और मुझे लगता है कि जो चिंता यहां हमारे मैम्बर्स की रही है, उन चिंताओं के निदान के लिए, जो विभिन्न मंत्रालयों में Self-Help Groups हैं, उन मंत्रालयों के तहत उनको ट्रेनिंग देना, उनकी मार्केटिंग करना, उन्हें लोन कितना दिया जाना चाहिए, लोन कैसे वापस होगा और अगर कहीं उनकी कठिनाइयां भी हैं, तो उनका समाधान करने के लिए सरकार प्रयासरत है और सरकार अपने कार्यक्रम में आगे बढ़ेगी। इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद, जय हिन्द!

श्रीमती वृंदा कारत : सर, मैं कृष्णा जी की बहुत इज्ज़त करती हूं। इन्होंने जिस तरह से जवाब दिया है, वह बहुत ही सराहनीय है और बहुत सारे मुद्दों को उन्होंने स्पष्ट किया है, लेकिन व्यवस्था का एक सवाल है, जो मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। हम लोगों ने SHGs के बारे में Short Duration Discussion किया। पचास लाख SHGs में से Ministry of Women and Child Development में कृष्णा जी के तहत डेढ़ लाख के करीब SHGs हैं। पचास लाख में से डेढ़ लाख! बाकी Finance Ministry और Rural Development के अंतर्गत हैं, तो naturally जब Short Duration Discussion होता है, तो ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे, जो उन मंत्रालयों के तहत मुख्यतः चल रहे हैं...

Naturally, कृष्णा जी उनका जवाब नहीं दे सकतीं। मेरा आपके सामने यह सवाल है कि जो हम लोगों ने मुद्दे रखे हैं - बैंक रेट के बारे में, banking structure के बारे में आदि - मैं उन तमाम मुद्दों को फिर से नहीं दोहराना

चाहती हूं, लेकिन एक मुख्य सवाल nodal agency के बारे में है, जो इन तमाम चीजों को coordinate करे क्योंकि multiplicity of agencies में बहुत सारी problems इकट्ठी हुईं। यह जो हम लोगें की बहस से निकला है, वह यह है कि सरकार उसके ऊपर थोड़ी बहस करके कुछ निष्कर्ष निकालकर हाऊस में आकर उसके बारे में बोले।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Madam, would you like to react on that?

श्रीमती कृष्णा तीरथ : महोदय, वृंदा जी ने जो बत कही, आपने ठीक कहा कि ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Najmaji, do you want to say something?

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, मैंने बहस में हिस्सा लिया है। मैं वृंदा जी की बात से बिल्कुल सहमत हूं कि जितना आपको जवाब देना था, उससे ज्यादा जवाब आपने दिया क्योंकि आपने दूसरे इश्यूज के ऊपर, जो आपके मंत्रालय से जुड़े हुए नहीं हैं, उनका भी आपने जवाब दिया, इसके लिए हमारी तरफ से आपको बधाई। मगर जैसा वृंदा जी ने कहा कि इसमें तीन-चार मिनिस्ट्रीज हैं। आपने इसमें एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री का भी जिक्र किया है, रूरल एरिया के अंदर, रूरल डेवलपमेंट और एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री का भी इसके अंदर हिस्सा आता है। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती कृष्णा तीरथ : फाइनेंस और नाबार्ड का भी है। ...*(Interruptions)*...

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : फाइनेंस का भी आता है। मैंने आपसे ...**(व्यवधान)**... मुझे यह कहना है कि बार-बार यह कहा जाता है कि जो छोटे गरीब लोग हैं, किसान लोग हैं, वे अपना कर्जा नहीं दे सकते, वे खुदकुशी कर लेते हैं, आत्महत्या कर लेते हैं। मैंने बहुत सिम्पल सवाल किया था। मैं आपसे इसका जवाब नहीं मांग रही हूं, लेकिन आपसे आग्रह कर रही हूं कि आप फाइनेंस मिनिस्ट्री से जवाब लेकर, बैंकों से जवाब लेकर कम से कम हाउस को बता सकें कि जो गरीब लोग पैसा लेते हैं या defaulter होते हैं, उनसे बैंकों को कितना नुकसान होता है? दूसरी ओर जो मल्टीनेशनल्स करोड़ों रुपऐ लेते हैं और अगर वे एक दिन लोन वापस नहीं करते हैं तो कितना परसेंट नुकसान सरकार को होता है? यह comparison आप बता दीजिए कि एक दिन के delay से कितना फर्क पड़ता है? दूसरी ओर किसान खुदकुशी कर लेता है, सरकार को उनका लोन माफ करना पड़ता है। इसके अलावा जो भी सवाल हमने ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay.

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : उपसभाध्यक्ष महोदय, हम लोगों का तो साढ़े चार बजे तक का टाइम है, मैं क्या, दो-चार और लोग इतने समय में सवाल कर सकते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I only said okay. I was approving.

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : हमारे पीएमओ के मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, उनके पास बहुत सारे मंत्रालय हैं। पता नहीं इसका भी कोई हिस्सा आपके अंतर्गत आता है या नहीं। सवाल यहां पर यह है, जैसे वृंदा जी ने कहा और मैं भी कहना चाहती हूं कि एक जगह होनी चाहिए, there should be, at least, one window where

women can go and have their grievances redressed. At one window, they should be able to tell us what is being done in this regard. There is no spread over. सारे लोगें ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी - जो प्रोग्राम चलाते हैं, उन लोगों ने सारी जिम्मेदारी कृष्णा तीरथ जी पर डाल दी कि आप जाकर महिलाओं के बारे में अच्छा बोलो, बुरा बोलो, जो आपका जी चाहे, बोलो। क्या यहां पर दूसरे मंत्रियों को नहीं रहना चाहिए था? सर, मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि when you accept something for discussion, what directions does the Ministry of Parliamentary Affairs give? The direction is that who should be answerable. The major part of the answer should have come from the Ministry of Finance, the Ministry of Labour and the Ministry of Rural Development. Why should it be the sole responsibility of the Ministry of Women and Child Development? Just because this issue relates to women ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Najmaji, number one, it is the collective responsibility. Number two, whatever issues do not come under her Ministry, she can take them up with the other Ministries. Now, Madam, would you like to react on this?

श्रीमती कृष्णा तीरथ : सर, मैं आपके माध्यम से नजमा जी को बताना चाहती हूं कि यह बात ठीक है कि मैंने सभी मंत्रालयों से बात की, लेकिन मैं एक बात और कहना चाहती हूं। जो हम महिला मिशन बनाने जा रहे हैं, जहां convergence की बात है, उसमें एक window service हम बनाना चाह रहे हैं और बहुत जल्दी उसमें तमाम मंत्रालयों के जितने कार्यक्रम महिलाओं के प्रति है, उन्हें aware करना, उन्हें कहां से क्या लाभ पहुंचेगा, दूर-दूर तक, गांव-गांव तक - बल्कि मैं चाहती हूं कि पंचायत तक, ब्लॉक तक, डिस्ट्रिक्ट तक, राज्य तक और फिर केन्द्र तक पूरी एक presence उनकी रहनी चाहिए। तमाम मंत्रालयों में convergence की जो बात हो रही है - महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो कहा है, प्रधान मंत्री जी ने भी जो कहा है, उसको महिला मिशन के माध्यम से देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का मेरा अपना कार्यक्रम जारी है।

SHRIMATI BRINDA KARAT: That is not the point, Madam. We are talking about nodal agencies, specifically for SHGs. ...*(Interruptions)*... Sir, please let the Minister in the Prime Minister's Office answer.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): The only thing is that some specific questions were raised. The questions which you cannot answer, you refer them to the other Ministries.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PRITHVIRAJ CHAVAN): Sir, very important suggestions have

been made during the debate. We appreciate that there are more than one Ministries which are responsible for this very large and very important area and the Finance Ministry is very important among them.

While who should have intervened and all that is a question that I leave to you, Sir, but I will certainly carry all the suggestions to the Prime Minister. There was a suggestion to restructure the Women's Mission and a suggestion to evolve some kind of a mechanism where all Ministries should sit together and work out together to resolve the inter-ministerial issues. These are very important suggestions. We will really take them into account.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, we shall take up the Statement. Mr. Prithviraj Chavan.

STATEMENTS BY MINISTERS

Radioactive contamination of drinking water at Kaiga Atomic Power Station.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PRITHVIRAJ CHAVAN): Sir, I rise to make a statement on the Kaiga incident.

Kaiga Atomic Power Station near Karwar in Uttar Kannada District, Karnataka has got 3 nuclear power reactors and fourth one is under construction. Service building for the Reactor Units-I & II is a combined building. The service building is separate from the reactor building and consists of electrical/mechanical/instrumentation shops, chemical labs, health physics unit, decontamination centre, clothing cribs, change rooms, etc. The radioactivity levels are regularly monitored even in the service building as part of the normal safety procedures. Urine samples of the employees are also routinely tested as a part of this. On 24th November, the results showed "higher than the normal" traces of tritium, which is a heavier isotope of hydrogen, in the urine samples of some of the personnel working in the service building. Following this, checks were made on all plant systems of the Reactors and radiation levels were found to be normal. There was no radioactivity release to the environment or public. The search for source of contamination zeroed in on a water cooler located in the service building. The water cooler was found to have contaminated water. It was immediately sealed and put out of service.

Urine samples of about 800 personnel working in the area were analysed and 92 were found to have tritium content "higher than normal". In the event of uptake of tritium by the human body the